3 दर्री मुख्य मार्ग होगा सुसज्जित बनेगा ग्रीन कॉरिडोर, उद्यानों का होगा जीर्णोद्धार




MODERN COLLEGE JOB FAIR 2026

Date 11TH APRIL 2026 LAST DATE
Time 10:00am - 5:00pm
Location CITY CENTRE MALL, POWER HOUSE ROAD, KORBA

MORE THAN 100+ COMPANIES WILL TAKE PART IN THE JOB FAIR
9827464209
9893786185
mcmitjobfair@gmail.com

MORE THAN 3000 + POSTS
OPPORTUNITIES FOR FRESHERS & EXPERIENCED CANDIDATES

Project & Site Manager, Engineer, HR Manager, Business Manager, Sales & Service Executive, Marketing Executive, Plant Safety Officer, Security Officer, Fire & Safety Officer, Medical Doctor, Dentist, Nursing Staff, Lab Technician, Graphic Designer, Technical Trades person, Supervisor, Mechanic, Receptionist, Computer Operator, Accountant, Cashier, School Teacher, Assistant Professor, Counselor, Waiter, Office Assistant, Peon, Helper, Driver & many more.





## खबर संक्षेप

### जिला रोजगार कार्यालय में प्लेसमेन्ट कैम्प 13 को

**कोरबा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में प्लेसमेन्ट कैम्प का आयोजन 13 अप्रैल को किया जा रहा है। जिसमें निम्नांकित नियोजक-परिश्रम ह्यूमन रिसोर्स एवं आई टी एम एडुटेक ट्रेनिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। जिसमें इलेक्ट्रिक मीटर टेक्निशियन, सेल्स मनैजर, योग्यता स्नातक, आई.टी.आई निर्धारित किया गया है। प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होने हेतु वेबसाईट में आवेदक का रोजगार पंजीयन आवश्यक है। साथ ही इच्छुक रिक्त पदों को चयन करें। जिन आवेदकों ने रोजगार पंजीयन नहीं किया है वे वेबसाईट में अपना पंजीयन करवा सकते हैं। प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होने हेतु अपना समस्त शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र और पासपोर्ट साईज फोटो रोजगार पंजीयन, अनुभव प्रमाण पत्र इत्यादि दस्तावेजों के साथ निर्धारित स्थल में उपस्थित हो सकते हैं।

### आयुक्त ने यात्री प्रतीक्षालय के समीप गंदगी पर जताई नाराजगी

**कोरबा।** आयुक्त पाण्डेय ने एनटीपीसी गेट के समीप स्थित यात्री प्रतीक्षालय के आसपास व्याप्त गंदगी व बिखरे हुये कचरे को देखकर एनटीपीसी के अधिकारियों के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर की तथा इस पर तत्काल कार्यवाही करते हुये यात्री प्रतीक्षालय के आसपास ही सम्पूर्ण सफाई त्वरित रूप से किये जाने के निर्देश दिये। एनटीपीसी गेट के सामने अवैध कब्जों व अतिक्रमण के कारण आवागमन बाधित होता है, दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, आयुक्त श्री पाण्डेय ने उक्त अतिक्रमण व अवैध कब्जों को भी वहाँ से हटाये जाने एवं लघु व्यवसायियों को व्यवस्थापित किये जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये।

### सड़क पर टैंकर आई.ओ.सी. को चेतावनी

**कोरबा।** कटघोरा गोपालुपर दर्री मुख्य मार्ग पर सड़क के किनारे काफी संख्या में इंडियन आयल कार्पोरेशन के टैंकर अव्यवस्थित रूप से खडे. किये जाते हैं, मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण कर अव्यवस्थित रूप से खड़े होने वाले इन भारी वाहनों व टैंकरों के कारण आवागमन बाधित होता है, दुर्घटना की संभावना बनती है तथा मार्ग से गुजरने वाले आमनागरिकों, वाहन चालकों को अनावश्यक असुविधा का सामना करना पड़ता है। आयुक्त श्री पाण्डेय ने भ्रमण के दौरान उक्त स्थल का अवलोकन किया तथा इंडियन आयल कार्पोरेशन के अधिकारियों को कड़ी हिदायत दी कि मुख्य मार्ग पर अवैध कब्जा कर अव्यवस्थित रूप से वाहन टैंकर खडे.न किये जाए अन्यथा इस पर प्रशासन द्वारा कड़ी कार्यवाही की जाएगी, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी आई.ओ.सी. की होगी।

### 14 अप्रैल को बंद रहेगा पशुवध कार्य

**कोरबा।** नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत संचालित समस्त वधशालाओं एवं मांस विक्रय की दुकानों को 14 अप्रैल को पूर्ण रूप से बंद रखा जाएगा। उक्त तिथि में किसी प्रकार का पशुवध न होगा और न ही मांस का विक्रय होगा। निगम द्वारा 14 अप्रैल को डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती के विशिष्ट अवसर पर पशुवधगृहों व मांस विक्रय की दुकानों को पूर्ण रूप से बंद रखने तथा किसी भी प्रकार का पशुवध न करने और न ही मांस का विक्रय करने के निर्देश समस्त पशुवधगृह संचालकों व संबंधित दुकानदारों को दिए गए हैं। उक्त तिथि में यदि किसी भी दुकान में मांस का विक्रय किया जाता है तो मांस जप्त कर संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## ग्रामीण क्षेत्रों के हितग्राहियों की बढ़ी परेशानी

# उज्जवला योजना के हितग्राहियों को गैस केवाईसी के लिए आना पड़ रहा शहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गैस कार्डधारियों को केवाईसी कराना अनिवार्य किए जाने के बाद सबसे बड़ी परेशानी उज्जवला योजना के ग्रामीण क्षेत्रों के हितग्राहियों को हो रही है जिन्हें केवाईसी के लिए जिला एवं ब्लॉक मुख्यालय में संचालित गैस एजेंसियों के कार्यालय आना पड़ रहा है। ग्रामीणों को सहकारी समिति में चल रहे च्वाईस सेंटर से गैस केवाईसी की सुविधा नहीं मिलने के कारण लंबा सफर तय करना पड़ रहा है।

जिले में इस समय केवाईसी का दौर चल रहा है। कहीं महतारी वंदन केवाईसी, राशनकार्ड केवाईसी और गैस कार्ड का केवाईसी कराना अनिवार्य किए जाने से चारों तरफ उपभोक्ताओं की कतारे नजर आ रही है। महतारी वंदन केवाईसी की सुविधा च्वाईस सेंटर को दिए जाने से इसके हितग्राहियों को एक बड़ी सुविधा मिल गई है। वहीं राशनकार्डधारियों की केवाईसी पीडीएस दुकानों में किए जाने से उन कार्डधारियों को भी समस्याओं का सामना करना नहीं पड़ रहा है। किंतु उज्जवला योजना के गैस कार्डधारियों के सामने एक बड़ी समस्या सामने आ गई है। इस योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों के हितग्राहियों को जो उज्जवला योजना के गैस उपभोक्ता के रुप में दर्ज हैं उनको गैस की रिफलिंग तो गांव में ही सोसायटी के सेंटर में मिल रही है किंतु केवाईसी के लिए उन्हें गैस एजेंसी का दफ्तर आना पड़ रहा है और ये दफ्तर जिला मुख्यालय या ब्लॉक मुख्यालय में संचालित हो रहे हैं। इसकी वजह से गैस कार्डधारियों को केवाईसी कराने के लिए 50 से 60 किमी का सफर करना पड़ रहा है। केवाईसी अपडेट कराने के लिए गैसकार्डधारियों को च्वाईस सेंटर में सुविधा नहीं दिए जाने के कारण उन्हें लंबी दूरी का सफर करने मजबूर हो रहे हैं। आज यह स्थिति है कि ग्रामीण क्षेत्रों के उज्जवला योजना के हितग्राही केवाईसी कराने के लिए गांव से सुबह जिला मुख्यालय के लिए निकलते हैं और दोपहर बाद घर पहुंच रहे हैं।



केवाईसी कराने पहुंचे हितग्राही।

### 50 हजार परिवार हो रहे लाभान्वित

खाद्य विभाग के आंकड़े के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में उज्जवला योजना के हितग्राहियों की संख्या लगातार बढ़ते जा रही है। शहरी और ग्रामीण अंचलों को मिलाकर लगभग 50 हजार परिवार उज्जवला योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। इस योजना के अंतर्गत जिस तरह महिला मुखिया के नाम पर राशनकार्ड बने हैं उसी तरह महिला मुखिया के नाम पर गैस कार्ड भी बनाए गए हैं। हालांकि केवाईसी के लिए मोबाइल एप्प भी उपलब्ध है किंतु ग्रामीण अंचलों में नेटवर्क की समस्या की वजह से कई स्थानों में मोबाइल जैसे सुविधा भी काम नहीं कर रही है। यही कारण है कि जिला और ब्लॉक मुख्यालय आने के अलावा ग्रामीण हितग्राहियों के सामने और कोई विकल्प नहीं है।

### केवाईसी कराना अनिवार्य

गैस उपभोक्ताओं के लिए केवाईसी कराना अनिवार्य किया गया है और केवाईसी एजेंसी के दफ्तरों में ही होगी। हालांकि इसके अलावा मोबाइल एप्प की सुविधा भी दी गई है। केवाईसी नहीं होने की स्थिति पर गैस नहीं मिलेगी।

- **घनश्याम कंवर,** जिला खाद्य अधिकारी

# विवाहिता की जंगल में मिली थी लाश प्रेमी ने ही उतारा था मौत के घाट



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लगभग डेढ़ पूर्व बालमपुर के जंगल में एक विवाहिता की लाश मिली थी। लाश मिलने पर पुलिस की टीम मामले की तहकीकात में जुटी थी पुलिस ने इस मामले में विवाहिता के प्रेमी को गिरफ्तार कर इस अंधेकत्ल की गुत्थी को सुलझा लिया है। प्रेमी ने ही अपने प्रेमिका की हत्या कर उसकी लाश को ठिकाना लगाया था। पसान थाना प्रभारी चंद्रपाल खांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम कुमारीसानी निवासी जयकुंवर 45 वर्ष पति गनपत कुंवर फरवरी महीने में एक दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अपने मायके पिपरिया स्थित एक गांव में गई थी। जहां से वह वापस अपने ससुराल आने के लिए निकली थी लेकिन उसके बाद वह अपने ससुराल कुमारीसानी नहीं पहुंची थी और 25 फरवरी को जयकुंवर की लाश को बालमपुर के जंगल से पुलिस ने बरामद किया था। पुलिस ने मामले वैधानिक कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था और शव को परिजनों के सुपुर्द किया था। पसान थाना प्रभारी चंद्रपाल खांडे द्वारा मामले की तहकीकात की जा रही थी इस दौरान पुलिस को एक सीसीटीवी फुटेज प्राप्त हुआ था। जिसमें सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस की तहकीकात तेज की और संदेह के आधार पर पुलिस ने कुमारीसानी निवासी सुखदेव ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बात**

- पसान थाना क्षेत्र के ग्राम कुमारीसानी का मामला

# किराना दुकान में लगी आग लाखों का माल जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गुरुवार की देर रात एक किराना दुकान में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रुप धारण कर लिया और जब तक आग पर काबू करने का प्रयास किया जाता तब तक दुकान पूरी तरह से जल कर स्वाहा हो चुका था। बताया जाता है कि इस आगजनी की घटना से दुकान संचालक को लाखों का नुकसान हुआ है। दुकान संचालक ने घटना की सूचना पुलिस को देती है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

जानकारी के अनुसार चैतमा चौकी क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम इरफ निवासी देवेंद्र प्रताप कंवर द्वारा गांव में किराना दुकान का संचालन किया जाता है। गुरुवार की देर शाम व अपना दुकान बंद कर अपने घर आ गया था इस दौरान देर रात लगभग 10 बजे के आसपास उसके किराना दुकान में अचानक आग लग गई। आग लगने की सूचना पर वह मौके पर पहुंचा और ग्रामीणों द्वारा आग को काबू करने का प्रयास किया गया लेकिन देखते-देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और दुकान में रखे लाखों रुपए कीमती सामान जल चुका था। घटना से दुकान संचालक देवेंद्र प्रताप को लगभग ढाई लाख रुपए का नुकसान होना बताया जा रहा है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है आग कैसे और किन परिस्थितियों में लगा है या स्पष्ट नहीं हो पाया है।

**खास बात**

- चैतमा चौकी क्षेत्र के ग्राम इरफ का मामला, जांच में जुटी पुलिस


धूं-धूंकर जलता किराना दुकान।

### शोरुम का ताला तोड़कर मोबाइल की चोरी, जुर्म दर्ज

**कोरबा।** उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सरगबंदिया में बीती रात चोरी की घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार, सरगबंदिया स्थित हीरो शोरूम नूर एजेंसी में रात करीब 12 से 1 बजे के बीच तीन अज्ञात चोरों ने शटर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर दो मोबाइलों सहित अन्य सामानों की चोरी कर ली है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

### नेशनल लोक अदालत के लिए न्यायिक अधिकारियों की हुई बैठक

**कोरबा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा 9 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। जिला न्यायालय एवं तहसील विधिक सेवा समिति कटघोरा करतला एवं पाली तथा समस्त राजस्व न्यायालयों में आगामी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। उक्त नेशनल लोक अदालत में समस्त राजीनामा योग्य आपराधिक मामले, बैंक के प्रकरण, लिखत पराक्राम्य अधिनियम की धारा 138, वसूली के प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण एवं अन्य व्यवहार वाद के प्रकरण रखे जाएंगे। संतोष शर्मा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों जिसमें 5 से 10 वर्ष से अधिक वाले प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर समझौता हेतु रखे जाने एवं अधिक से अधिक प्रकरण रखे जाने तथा निराकरण किये जाने के प्रयोजनार्थ न्यायिक अधिकारियों की बैठक जिला न्यायालय परिसर के विडियो कान्फ्रेसिंग कक्ष में ली गई एवं बाह्य न्यायालयों में पदस्थ न्यायिक अधिकारियों की बैठक विडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से ली गई ।

# अवैध वाहन से सड़क पर भरा जा रहा था डीजल, पुलिस ने 8 गाड़ियों को किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के विभिन्न थाना चौकी क्षेत्र में अवैध रूप से ज्वलनशील पदार्थ का ट्रेलर, ट्रक वाहनों में सड़कों पर ही डीजल की रिफलिंग की जा रही थी। सूचना पर जिला पुलिस की अलग-अलग टीम ने अलग-अलग क्षेत्र में छापेमारी की कार्यवाही की है। जहां पुलिस ने 8 डीजल रिफलिंग करने वाले अवैध वाहनों को जप्त कर मौके से 58 सौ लीटर से अधिक लीटर डीजल की जब्ती कर कार्यवाही की गई है।

उल्लेखनीय है कि थाना कुसमुण्डा एवं थाना दीपका पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग अवैध रुप से रूप से ज्वलनशील पदार्थ का ट्रेलर, ट्रक वाहनों में सड़कों पर ही डीजल की रिफलिंग की जा रही थी। सूचना पर दोनों थाना ने संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए छापामारी की कार्यवाही की है। पुलिस ने कुल 8 वाहनों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई, जिसमें कुल 58 सौ लीटर डीजल जप्त किया गया। मामले में कुसमुंडा पुलिस ने बेलटिकरी दीपका निवासी तिरेंद्र ठाकरे उम्र 36 साल पिता मदनलाल ठाकरे, रंजना दीपका निवासी नवलेश सिंह उम्र 23 साल, बुंदेली रजगामार निवासी केशव कश्यप उम्र 23 साल पिता कुजेश्वर कश्यप एवं जोरहाडबरी हरदीबाजार निवासी अमन कुमार उम्र 22 साल पिता सनत कुमार को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से 5150 लीटर डीजल जब्त किया है। इसी तरह दीपका पुलिस ने सूची हरदी जांजगीर चांपा निवासी झूलेलाल दुलाल साय यदव उम्र 30 साल, रेकी हरदीबाजार निवासी सुनील कुमार यादव उम्र 23 साल पिता सुरेश कुमार यादव एवं चौहड़ हरदीबाजार एवं दिलहरण मरावी उम्र 38 साल पिता खेदुराम मरावी तथा ज्योतिनगर दीपका निवासी सुनील कुमार सिंह उम्र 32 साल पिता स्व भुनेश्वर सिंह को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से कुल 650 लीटर डीजल एवं तीन बोलेरो क्रमांक सीजी 10 बीजे 1665 एवं बोलेरो पिकअप क्रमांक सीजी 12 एएस 2365 तथा बोलेरो पिकअप क्रमांक सीजी 11एजेड 6201 को जब्त किया है। संयुक्त कार्यवाही में कुसमुंडा व दीपका पुलिस ने 8 वाहन सहित मौके से 58 सौ अवैध लीटर जब्त किया है। मामले में गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

**खास बात**

- कुसमुण्डा एवं दीपका और सर्वमंगला चौकी की संयुक्त कार्यवाही


थाने में जप्त खड़ी वाहनें।

*__कोरबा।__ एसईसीएल कुसमुंडा के विकास नगर कॉलोनी के एमडी 106 नंबर क्वार्टर का छज्जा मिट्टी के ढेर की तरह ढह गया। प्रभावित परिवार के अलावा कॉलोनी के लोगों ने बताया की सभी आवासों की हालत जीर्ण शीर्ण हो चुकी है। इसकी जानकारी प्रबंधन को कई बार लिखित में दी गई किंतु ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## खेती की जमीन का चल रहा है डिजिटल सर्वे

# किसानों की जमीन के प्रत्येक खसरे को मिलेगा 11 अंक का आईडी नंबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केंद्र सरकार के द्वारा खेती के जमीनों का डिजिटल सर्वे शुरु किया जाएगा और इस सर्वे के बाद किसानों के हर खेत के खसरे नंबर का 11 अंकों का डिजिटल नंबर दिया जाएगा। इस नंबर के बाद से किसानों की उपाजऊ जमीन की पहचान होने के साथ उसका अलग रिकार्ड भी तैयार होगा और पड़त जमीन की भी पहचान होगी।

किसानों के जमीन के डिजिटल सर्वे के बाद बंजर भूमि के नाम पर धान और सब्जी की या अन्य फसल बेचने के मामले में ब्रेक लगेगा। अब तक बंजर जमीन के खसरे नंबर के आधार पर भी किसान लोन लेने के साथ धान की फसल बेच लिया करते थे। ऐसे फर्जीवाड़े के कारण बोनी रकबे से कई गुना ज्यादा पैदावार दर्ज हो जाती थी और खरीदी भी कर ली जाती थी। इससे सरकार को भुगतान के रुप में बड़ी राशि खर्च करना पड़ता था। अब ऐसी स्थिति से निपटने के लिए डिजिटल सर्वे की शुरुआत होने जा रही है। इससे फर्जीवाड़े के रोक लगने के साथ किसानों की पहचान हो सकेगी। जो वास्तविक रुप से खेती के व्यवसाय से जुड़े हुए हैं। अब तक कई बार ये सामने आये थे कि कई किसान खेती करते नहीं थे जमीनों का उपयोग अन्य काम के लिए करते थे लेकिन उक्त जमीन के रिकार्ड के आधार पर फसल बेच लिए करते थे। डिजिटल सर्वे से गांव गांव की खेती की जमीन की वास्तविक स्थिति सामने आ सकेगी।



### जिले में 96 हेक्टेयर रकबे में होती है धान की खेती

जिले के 96 हेक्टेयर रकबे में धान की खेती की जाती है। खरीफ की फसल की तैयारी के पूर्व कृषि विभाग के द्वारा फसल के बोनी रकबे का आंकड़ा तैयार किया जाता है। वर्ष 2025-26 के कृषि आंकड़े के अनुसार 96 हजार हेक्टेयर धान की खेती की गई थी और इसी तरह रबी के फसल का आंकड़ा बीते वर्षों के तुलना में ज्यादा बढ़ा है। मूंगफली के साथ सरसों की खेती का रकबा बढ़ाने के कारण जटगा और पाली क्षेत्र में इस वर्ष से इसकी खरीदी भी शुरु हुई है।

### डिजिटल सर्वे से होगी पहचान

खेती के भूमि का डिजिटल सर्वे किए जाने से किसानों के खेती की भूमि की पहचान हो सकेगी। प्रत्येक खसरे के जमीन का 11 अंकों का डिजिटल नंबर किसानों को दिया जाएगा।

- **डीपीएस कंवर,** उपसंचालक कृषि


कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की
अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

## खबर संक्षेप



### महतारी वंदन योजना के तहत वार्ड 27 में केवाईसी शिविर

**कोरबा।** महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों के लिए वार्ड क्रमांक 27 महाराणा प्रताप नगर में केवाईसी शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस शिविर के माध्यम से लगभग 100 हितग्राहियों का सफलतापूर्वक केवाईसी पूरा किया गया। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद श्रीमती वर्षा दिनेश वैष्णव एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व पूर्व पार्षद दिनेश कुमार वैष्णव की विशेष उपस्थिति रही। उनके साथ चॉइस सेंटर संचालक पंकज महेश, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आसमा तथा सहायिका संतोषी चौहान ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए हितग्राहियों का केवाईसी कार्य संपन्न कराया। इस दौरान महिलाओं को योजना से जुड़ी आवश्यक जानकारी भी दी गई और समय पर केवाईसी पूर्ण कराने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर के सफल आयोजन से वार्डवासियों में संतोष और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

### छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जिला इकाई कोरबा का निर्वाचन आज

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जिला इकाई कोरबा का निर्वाचन 11 अप्रैल को शिक्षक सदन कोरबा में प्रातः 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। संभागीय अध्यक्ष डॉ तरूण सिंह राठौर के निर्देशन में निर्वाचन प्रक्रिया का संचालन संभागीय सचिव प्रमोद हंसराज द्वारा निर्वाचन अधिकारी के रूप में किया जाएगा। वहीं जांजगीर-चांपा के जिला अध्यक्ष डॉ.रविन्द्र द्विवेदी सहायक निर्वाचन अधिकारी के रूप में अपनी भूमिका निभाएंगे। इस जिला ईकाई के निर्वाचन में जिले के सभी विकासखंड एवं तहसील इकाइयों के पदाधिकारी मतदाता के रूप में भाग लेंगे। निर्वाचन की निष्पक्षता एवं सुचारू संचालन हेतु विशेष पर्यवेक्षक के रूप में प्रांतीय सचिव डॉ. भुवनेश्वर देवांगन, संभागीय अध्यक्ष डॉ. तरुण सिंह राठौर एवं संभागीय संगठन मंत्री शंकरदयाल साव उपस्थित रहेंगे। जिला अध्यक्ष मानसिंह राठिया ने सभी पदाधिकारियों एवं कर्मठ, जुझारू शिक्षक साथियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर निर्वाचन को सफल बनाने की अपील की है।

### बिलासपुर तक पैसेंजर बनकर चलेगी हसदेव एक्सप्रेस

**कोरबा।** यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत कोरबा-रायपुर-कोरबा हसदेव एक्सप्रेस को 16 से 27 अप्रैल तक कोरबा-बिलासपुर-कोरबा सेक्शन में पैसेंजर ट्रेन के रूप में संचालित किया जाएगा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार इस अवधि में हसदेव एक्सप्रेस का संचालन सामान्य एक्सप्रेस ट्रेन की बजाय पैसेंजर ट्रेन की तरह किया जाएगा, जिससे मार्ग में पडऩे वाले छोटे-छोटे स्टेशनों पर भी ठहराव मिल सकेगा। इससे खासकर दैनिक यात्रियों, नौकरीपेशा लोगों, छात्रों और व्यापारियों को बड़ी राहत मिलेगी, जो कम दूरी के लिए ट्रेन पर निर्भर रहते हैं। रेलवे ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस दौरान संचालित की जाने वाली सभी ट्रेनें अपने निर्धारित समयानुसार ही चलेंगी, जिससे यात्रियों को समय संबंधी परेशानी का सामना न करना पड़े। साथ ही स्टेशनों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि यात्रियों को सुगम और सुरक्षित यात्रा का अनुभव मिल सके।

### संतुलित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देने चलाया जाएगा विशेष अभियान

**कोरबा।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा जिले में आगामी खरीफ मौसम के मद्देनज़र फसलों के अनुसार वैज्ञानिक अनुशंसा के अनुरूप उर्वरकों की सही मात्रा एवं संतुलित पोषक तत्वों के उपयोग को बढ़ावा देने हेतु विशेष जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इस संबंध में कृषि विभाग के मैदानी अमले को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। अभियान के तहत किसानों को उर्वरकों के संतुलित उपयोग एवं वैज्ञानिक सलाह के अनुसार एनपीके, कॉम्प्लेक्स तथा एसएसपी जैसे उर्वरकों के उचित उपयोग के बारे में जागरूक किया जाएगा। साथ ही यूरिया एवं डीएपी के अत्यधिक एवं असंतुलित उपयोग से मिट्टी में पोषक तत्वों का संतुलन बिगड़ता है, जिससे दीर्घकाल में मिट्टी की उर्वरा शक्ति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इन दुष्प्रभावों के प्रति किसानों को जागरूक करने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जिले के समस्त सहकारी समितियों में उर्वरकों के संतुलित एवं अनुशंसित मात्रा में उपयोग के संबंध में पोस्टर एवं बैनर के माध्यम से जन-जागरूकता फैलाई जा रही है। किसानों को सलाह दी जा रही है कि वे यूरिया एवं डी.ए.पी. के अंधाधुंध उपयोग के बजाय मिट्टी परीक्षण, फसल की आवश्यकता एवं वैज्ञानिक सुझावों के आधार पर उर्वरकों का उपयोग करें। अभियान के माध्यम से किसानों को यूरिया एवं डीएपी के अत्यधिक उपयोग के दुष्प्रभावों तथा संतुलित उर्वरक उपयोग के लाभों के बारे में जानकारी मिलेगी। इसके साथ ही मिट्टी परीक्षण आधारित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देते हुए किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड (सॉइल हेल्थ कार्ड) के अनुसार उर्वरकों के उपयोग के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## दर्री में विकसित होगा वेंडिंग जोन व चौपाटी

# दर्री मुख्य मार्ग होगा सुसज्जित बनेगा ग्रीन कॉरिडोर, उद्यानों का होगा जीर्णोद्धार



निरीक्षण करते निगम आयुक्त एवं पार्षदगण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा से कोरबा रोड में ऊर्जाधानी कोरबा के प्रवेश क्षेत्र एनटीपीसी गोपालपुर दर्री क्षेत्र को अब सुसज्जित किया जायेगा तथा उक्त मुख्य मार्ग पर ग्रीन कॉरिडोर का निर्माण होगा, वहीं दर्री क्षेत्र में रोड साईट पर असुरक्षित रूप से व्यवसाय करने वाले लघु व्यवसायियों को सुरक्षित व्यवसाय स्थल उपलब्ध कराने हेतु एक ओर जहाँ वेंडिंग जोन का निर्माण किया जायेगा, वहीं दूसरी ओर सर्वसुविधायुक्त चौपाटी का निर्माण भी होगा, इससे मुख्य मार्ग के किनारे से अवैध कब्जों, अतिक्रमण आदि का व्यवस्थापन भी सुनिश्चित किया जा सकेगा।

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने दर्री क्षेत्र के वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन, सरोज शांडिल्य सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, एनटीपीसी व निगम के अधिकारियों के साथ दर्री एनटीपीसी क्षेत्र का सघन रूप से दौरा किया तथा वहाँ की व्यवस्थाओं व समस्याओं का अवलोकन किया। एनटीपीसी गोपालपुर दर्री जमनीपाली कोरबा कटघोरा मुख्य मार्ग में ऊर्जाधानी कोरबा का प्रवेश क्षेत्र है, इस सम्पूर्ण मुख्य मार्ग को ऊर्जाधानी कोरबा की गरिमा के अनुरूप विकसित किया जाए एवं मुख्य मार्ग में व्याप्त अव्यवस्था, अतिक्रमण व अवैध कब्जों को व्यवस्थित एवं व्यवस्थापित कर मुख्य मार्ग का समुचित विकास किया जाए, इस विषय पर आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने एनटीपीसी व निगम के अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्ययोजना तैयार कर उस पर अमल करने के निर्देश दिये।

### उद्यानों के विकास व ग्रीन कॉरिडोर पर कार्य करेगा एनटीपीसी

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने एनटीपीसी के अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुये कहा कि उक्त मुख्य मार्ग पर पर्याप्त रूप से वृक्षारोपण व उद्यानिकी आदि कार्यो के माध्यम से ग्रीन कॉरिडोर का निर्माण करायें तथा इस सम्पूर्ण क्षेत्र को ग्रीन बेल्ट के रूप में विकसित करें, रोड साईट पर लघु उद्यानों का निर्माण करायें, जीर्ण-शीर्ण उद्यानों का जीर्णोद्धार करें तथा इस हेतु एक सुनियोजित कार्ययोजना तैयार कर उस पर अमल करें। उन्होने कहा कि उक्त स्थल कटघोरा से कोरबा आने का मुख्य प्रवेश क्षेत्र है, जिसे सजाना, संवारना, व्यवस्थित एवं सुंदर रूप देना सभी का दायित्व है।

### बनेगा वेंडिंग जोन, चौपाटी का होगा निर्माण

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने कहा कि उक्त क्षेत्र के मुख्य मार्गो में रोड साईट पर अव्यवस्थित रूप से व्यवसाय करने वाले लघु व्यवसायियों को सुरक्षित व्यवसाय स्थल उपलब्ध कराने की आवश्यकता को देखते हुये बस स्टैण्ड जमनीपाली के आसपास वेंडिंग जोन व चौपाटी का निर्माण करायें तथा मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण व अवैध कब्जा कर रोड साईट पर व्यवसाय करने वाले लघु व्यवसायियों को वेंडिंग जोन व चौपाटी में व्यवस्थापित करायें। उन्होने कहा कि इससे एक ओर जहाँ लघु व्यवसायियों को सुरक्षित व सर्वसुविधायुक्त व्यवसायिक स्थल उपलब्ध हो सकेगा, वहीं दूसरी ओर मुख्य मार्ग व अवैध कब्जों व अतिक्रमण को दूर कर मार्ग का समुचित विकास किया जा सकेगा।

# शहर सौंदर्यीकरण को मिल रहा नया लुक, डिवाईडर बन रहे ग्रीन बेल्ट



पौधे को पानी डालती महापौर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर पालिक निगम द्वारा शहर में सौदंर्यीकरण को नित नये आयाम दिये जा रहे हैं, सड़कों को नया लुक मिल रहा है एवं डिवाईडर ग्रीन बेल्ट के रूप में विकसित हो रहे हैं, डिवाईडरों में हरीतिमा के साथ रंग बिरंगे फूल मुस्कुरा रहे हैं। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय की उपस्थिति में टीपीनगर से पावर हाउस मुख्य मार्ग क्षेत्र में निगम द्वारा किये गये रोड डिवाईडर प्लांटेशन का लोकार्पण किया।

निगम द्वारा शहर की व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करने के साथ-साथ शहर का सौदंर्यीकरण कर इसे संजाने संवारने की दिशा में नित नये काम किये जा रहे हैं, एक ओर जहाँ शहर की स्वच्छता पर फोकस रखा जा रहा है, वहीं दूसरी ओर थीम आधारित पेंटिंग चित्रकारी लघु उद्यानिकी कार्य के साथ-साथ थीम आधारित रोड साईट व डिवाईडर प्लांटेशन पर भी कार्य हो रहा है। इसी कड़ी में निगम द्वारा टीपीनगर से पावर हाउस मुख्य मार्ग क्षेत्र में स्थित मुख्य मार्ग साईट डिवाईडर पर 160 पाम के पौधें रोपित कर ग्रीन बेल्ट का स्वरूप दिया गया है। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने आयुक्त आशुतोष पाण्डेय की उपस्थिति में उक्त रोड डिवाईडर प्लांटेशन का लोकार्पण किया। इस मौके पर उद्यान अधीक्षक आनंद राठौर ने बताया कि उक्त सम्पूर्ण मार्ग पर निगम द्वारा 600 पाम के पौधे रोपित किये जायेंगे, ताकि इस सम्पूर्ण मुख्य मार्ग को ग्रीन बेल्ट के रूप में विकसित व सुसज्जित किया जा सके।

# एनटीपीसी में ठेका कंपनियों की मनमानी के खिलाफ श्रमिकों ने पुलिस से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



थाने में पुलिस से शिकायत करते ठेका मजदूर।

एनटीपीसी कोरबा परियोजना में ठेका श्रमिकों का आर्थिक शोषण हो रहा है। एनटीपीसी में ठेका कंपनियां गुंडागर्दी पर उतारू है। सरकार द्वारा तय वेतन मांगने वाले मजदूरों खुद धमकी देने के साथ काम से हटा दिया जा रहा है। यही वजह है कि आक्रोशित ठेका मजदूरों ने दर्री थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराई है।

आर्थिक शोषण से संबंधित शिकायत करने वालों में एसईपीएल, नवरूप इंडिया, बेगिन, केसीपीएल, आरवीपीआर जैसी कंपनियों से जुड़े श्रमिक शामिल है। उन्होंने पुलिस थाना पहुंचकर इन कंपनियों के खिलाफ मोर्चा खोला। ये लोग इन कंपनियों के अधीन काम कर रहे हैं। बिजली घर से संबंधित अलग-अलग प्रकृति के कार्यों में मजदूरों का नियोजन किया गया है। सैकड़ों की संख्या में पुलिस थाना पहुंचे मजदूरों ने बताया कि कंपनियां हमें सरकार द्वारा तय राशि नहीं दे रही है और शोषण कर रही है। कंपनी के द्वारा कहा जा रहा है कि कोरबा जोन सी केटेगरी के अंतर्गत आता है इसलिए उन्हें जो राशि दी जा रही है उससे ज्यादा कुछ नहीं होने वाला है। जबकि सच्चाई ये है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में कोरबा जोन बी केटेगरी में आता है इसलिए पावर कंपनियों में काम करने वाले मजदूर बी केटेगरी के बजाय सी में कैसे शामिल किए जा सकते हैं। श्रमिकों ने कहा कि नियमानुसार उन्हें बी केटेगरी वाले स्केल का लाभ मिलना चाहिए। जब वे बी केटेगरी की राशि की मांग करते हैं तो उन्हें नौकरी से निकालने की धमकी दी जाती है या फिर नोटिस थमा दिया जाता है। बताया गया है कि कई मामलों में इस तरह की कार्यवाही कंपनियां कर चुकी है और कुछ कर्मियों की छुट्टी कर दी गई है। ऐसा इसलिए किया गया ताकि दूसरे लोग शिकायत के साथ-साथ प्रदर्शन करने से बचें। पुलिस को बताया गया कि नोटिस देने के बाद यह भी कहा जाता है कि उन लोगों को हटाकर दूसरों को कम रेट पर रख लेंगे। कोरबा जिले में सस्ते मेनपावर की कोई कमी नहीं है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि श्रमिकों के अधिकार की बात सरकार कर रही है और औद्योगिक जिले कोरबा में श्रमिकों का शोषण हो रहा है। यह विरोधाभास के साथ विडंबना भी है। सवाल इस बात का है कि क्या एनटीपीसी में मनमानी करने के साथ श्रमिकों का आर्थिक शोषण करने वाली कंपनियों पर कोई कार्रवाई होगी।

# गुणवत्तापूर्वक करें निर्माण कार्य, दोषपूर्ण कार्यों का तत्काल किया जाए सुधार : दुदावत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाली विकासखंड में कलेक्टर ने विभिन्न निर्माण एजेंसियों द्वारा संचालित प्रगतिरत कार्यों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सभी निर्माणाधीन भवनों में तकनीकी स्वीकृति (टीएस) के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही दोषपूर्ण कार्यों को तत्काल सुधारने की हिदायत दी। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों और एजेंसियों को स्पष्ट चेतावनी दी कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या मानकों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कार्यस्थलों पर मैनपावर बढ़ाने और लंबित कार्यों को तय समयसीमा में पूर्ण करने एवं गुणवत्ता में विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए।

पाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत लाफा में डीएमएफ से निर्मित किए जा रहे चिकित्सक आवास का आकस्मिक निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर कुणाल दुदावत को निर्माणाधीन भवन में दरवाजे, प्लंबिंग फिटिंग्स और सेनेटरी कार्य तकनीकी प्राक्कलन (टीएस) के अनुरूप नहीं मिली। इस पर उन्होंने मौके पर ही लोक निर्माण विभाग के एसडीओ और सब-इंजीनियर पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अमानक स्तर दरवाजों को तत्काल हटाकर टीएस के अनुरूप अनुमोदित मानकों के अनुसार तत्काल बदलने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए तैयार हो रहे इस भवन में पुताई की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं पाई गई तथा नवनिर्मित भवन में कई स्थानों पर सीपेज दिखाई देने पर भी कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के प्रति कड़ी नाराजगी जताई। दीवारों में सीलन और दरार की समस्या से बचाव के लिए डबल लेयर पुट्टी और गुणवत्तापूर्ण पुताई कराने को कहा। भवन तक पहुंच मार्ग के लिए सीसी रोड निर्माण और पेयजल व्यवस्था हेतु बोरवेल निर्माण के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने भवन के निर्माण कार्यों की बारीकी से जांच की और सभी कार्य निर्धारित मापदंडों एवं तकनीकी विनिर्देशों के अनुरूप करने के निर्देश दिए।



निर्माण कार्य का निरीक्षण करते कलेक्टर एवं अन्य।


### स्वास्थ्य केंद्र के ढलाई को तोड़ने के निर्देश

जेमरा में निर्माणाधीन उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का निरीक्षण करते हुए गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर कलेक्टर ने ढलाई कार्य को तोड़कर पुनः कराने के निर्देश दिए। उन्होंने शीघ्रता से लंबित कार्यो को तेजी से पूर्ण करने एवं कार्य में लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। धौराभांठा में प्रगतिरत आंगनबाड़ी भवन का अवलोकन करते हुए कलेक्टर ने निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों के अनुरूप खिड़कियां लगाने, परिसर के जर्जर एवं अनुपयोगी भवनों को हटाने के लिए सूची तैयार करने तथा पंचायत में नए आंगनबाड़ी भवन के लिए सर्वे कर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

### गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के दिए निर्देश

नवीन महाविद्यालय पाली में निर्माणाधीन कॉन्फ्रेंस हॉल का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने क्रियान्वयन एजेंसी को ठेकेदार को नोटिस जारी करने, कार्यस्थल पर श्रमिकों की संख्या बढ़ाने एवं कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा। माखनपुर से जूनापारा तक निर्मित पीएम जनमन सड़क का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने सड़क निर्माण के संबंध में जानकारी लेते हुए अधूरे कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही चैतुरगढ़ मार्ग के चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण कर उन्होंने गुणवत्ता के साथ तेजी से कार्य पूर्ण करने हेतु निर्माण विभाग को निर्देश दिए।

# एनएसयूआई की बैठक में बनी रणनीति, रोजगार दो न्याय यात्रा को लेकर तेज़ हुआ माहौल



बैठक के दौरान एनएसयूआई के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

जिले में युवाओं के रोजगार और अधिकारों को लेकर अब माहौल गरमाने लगा है। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मनमोहन राठौर के नेतृत्व में रोजगार दो न्याय यात्रा को लेकर झोराघाट में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी ने इस आंदोलन को और धार दी। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मनोज चौहान, नगर पंचायत छुरी के पूर्व अध्यक्ष अशोक देवांगन एवं छुरी कला मंडल अध्यक्ष नंद कुमार देवांगन विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी नेताओं ने एक स्वर में बेरोजगार युवाओं के हक की लड़ाई को मजबूती से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।नेताओं के संदेश जिला अध्यक्ष मनोज चौहान ने कहा कि युवाओं को रोजगार दिलाना हमारी प्राथमिकता है, यह यात्रा उनकी आवाज़ को शासन तक पहुंचाने का मजबूत माध्यम बनेगी। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक देवांगन ने कहा कि अब समय आ गया है कि बेरोजगार युवा अपने अधिकार के लिए संगठित होकर आवाज़ उठाएं। मंडल अध्यक्ष नंद कुमार देवांगन ने कहा कि यह यात्रा युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मनमोहन राठौर ने स्पष्ट किया कि रोजगार दो न्याय यात्रा सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि युवाओं के हक की निर्णायक लड़ाई है, जिसकी शुरुआत 16-17 तारीख के आसपास होने की संभावना है। इस दौरान एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष एवं बसीबार उपसरपंच देवेंद्र यादव, जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र चौबे, हेमंत केवट, जिला महासचिव प्रतिमा कंवर, रवि पटेल, कटघोरा के विधान सभा अध्यक्ष सौरभ कुमार धृतलहरे, संजय चौहान ,चिंटू यादव, राजकिशोर ,आकाश पटेल, लोकेश यादव, अवतार चौहान,रवि सिंदर,संजय चौहान,मोहित साहू, आशीष यादव, गीताराम पटेल, रमेश पटेल, एनएसयूआई के कार्यकर्ता स्तर के सभी पदाधिकारी सक्रिय रूप से मौजूद रहे।

### खास बात

- जिले के युवाओं को रोजगार दिलाने छेड़ा जा रहा मुहीम

# अग्रवाल सभा कोरबा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अग्रवाल सभा कोरबा के चुनाव 2026-28 के चुनाव के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी सीए आशीष खेतान के द्वारा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। इस अवसर पर मुख्य चुनाव अधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा कि 4 अप्रैल को प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया था। 8 अप्रैल तक मतदाता सूची में दावा आपत्ति मंगाई गई थी जिसका निरकारण कर दिया गया। इसके बाद 10 अप्रैल को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन अग्रसेन भवन के पटल पर कर दिया गया। इसके साथ ही चुनावी प्रक्रिया में 19 अप्रैल की सुबह 12 बजे नामांकन पत्रों का विक्रय, दोपहर 1 बजे तक नाम नामांकन पत्रों दाखिल किया जायेगा, दोपहर 2 बजे तक नाम नामांकन पत्रों का निरीक्षण एवं सूची का प्रकाशन, दोपहर 4 बजे तक नाम वापसी पश्चात अंतिम प्रत्याशियों की सुची का प्रकाशन (परिवेक्षकगण पुनः एक राय हेतु प्रयास करेंगे सफलता मिलने पर समय बढाया जा सकेगा) 21 अप्रैल को अग्रसेन भवन में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष पदों के लिए मतदान सुबह 10 बजे से 4 बजे तक (मतदान समाप्ति के 1 घंटे बाद अग्रसेन भवन में मतगणना पश्चात परिणाम की घोषणा) की जायेगी ।इस अवसर पर चुनाव अधिकारी राज अग्रवाल सहायक चुनाव अधिकारी अनिल अग्रवाल, सतीश जलान, मनोज केडिया, सीए अभिषेक अग्रवाल , सीए अशीष अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, आशीष टमकोरिया, श्याम लाल अग्रवाल, उपस्थित रहे इस अवसर पर सहायक चुनाव अधिकारी ने संयुक्त रूप से कहा कि सभी अग्रबन्धुओं से अपील करते हुए कहा कि वे ज्यादा से ज्यादा चुनाव में हिस्सा ले वे समाज के हित में अपना मतदान अवश्य करें।

# कलेक्टर ने किया चैतमा स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण



मरीजों से हाल चाल जानते कलेक्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने पाली विकासखंड के ग्राम पंचायत चैतमा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध ओपीडी सेवाओं, मरीज़ों के पंजीयन, उपचार एवं दवाइयों की उपलब्धता, लैब तथा प्रसव सुविधा की विस्तृत जानकारी ली। इसके बाद वे वार्ड में पहुँचे और वहाँ भर्ती मरीज़ों से उपचार व्यवस्था के विषय में बातचीत की। कलेक्टर ने वार्ड में भर्ती मरीज़ों के रिकॉर्ड और उपचार पर्ची की जाँच कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में अलग-अलग कमरों में संचालित हो रही ओपीडी सेवाओं को सुव्यवस्थित करते हुए प्रवेश द्वार के समीप उपलब्ध कक्ष में संचालित करने के निर्देश दिए, ताकि मरीज़ों को बेहतर सुविधा मिल सके। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने होम्योपैथी उपचार सेवाओं का अधिकाधिक लाभ मरीज़ों तक पहुँचाने के निर्देश दिए। उन्होंने गर्भवती महिलाओं की बेहतर स्वास्थ्य जाँच सुनिश्चित करने और संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया। कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध एम्बुलेंस के सुचारू संचालन हेतु वाहन चालक की तत्काल व्यवस्था करने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों की मांग पर उन्होंने शुगर जाँच की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश बीएमओ को दिए।

## ख़बर संक्षेप



### कुसमुंडा परियोजना अंतर्गत निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का हुआ आयोजन

**कोरबा।** सार्वजनिक क्षेत्र के वृहद उपक्रम कोल इंडिया की अनुसांगिक कंपनी एसईसीएल बिलासपुर के अधीन कोरबा-पश्चिम क्षेत्र में स्थापित एवं संचालित खुले मुहाने की गेवरा कोयला परियोजना अंतर्गत एसईसीएल की मेगा परियोजना कुसमुंडा परियोजना क्षेत्र में सामाजिक सरोकार के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 10 से 14 अप्रैल तक प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक बेरियर क्रमांक 01 के समीप लगाया जाएगा। इस संबंध में महाप्रबंधक (खनन), कुसमुंडा परियोजना कार्यालय द्वारा सूचना जारी कर बताया गया है कि यह शिविर जिला प्रशासन कोरबा, कुसमुंडा क्षेत्र प्रबंधन एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। शिविर में विशेष रूप से आंखों से संबंधित समस्याओं की निःशुल्क जांच एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

### अग्निवीर भर्ती के लिए निःशुल्क कोचिंग के लिए आवेदन 13 से

**कोरबा।** भारतीय थलसेना में अग्निवीर भर्ती हेतु 13 फरवरी से 1 अप्रैल तक वेबसाईट पर ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया है। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा 1 से 15 जून तक पंजीकृत अभ्यथियों के लिए ऑनलाईन परीक्षा आयोजित किया जाना संभावित है। भारतीय थलसेना में अग्निवीर भर्ती हेतु पंजीकृत अभ्यर्थियों को रोजगार विभाग द्वारा निःशुल्क कोचिंग प्रदान किया जायेगा। जो आवेदक लिखित परीक्षा हेतु निःशुल्क ऑनलाईन कोचिंग प्राप्त करना चाहते हैं वे भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु पंजीयन पश्चात रोजगार विभाग के वेबसाईट पर अग्निवीर भर्ती 2026 की लिखित परीक्षा की तैयारी हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण के ऑनलाईन आवेदन पर क्लिक कर अपनी व्यक्तिगत जानकारी सहित आवेदन रोजगार विभाग को प्रेषित कर सकते है।

### अलग-अलग घटनाओं में दो की मौत

**कोरबा।** जिले में अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पहली घटना पड़ोसी जिले जांजगीर चांपा के पैंतोरा की है।

## निधन

### शकुंतला गुप्ता



**कोरबा।** मुड़ापार निवासी श्रीमती शकुंतला गुप्ता, उम्र 71 वर्ष का शुक्रवार को बिलासपुर स्थित एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वे अपने पीछे दो पुत्र विनोद गुप्ता और प्रमोद गुप्ता, तथा दो पुत्री अंजना गुप्ता और सीमा गुप्ता सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनका अंतिम संस्कार शनिवार सुबह नौ बजे मुड़ापार मुक्तिधाम में किया जाएगा।

## कोरबा मार्केट






#### एसईसीएल गेवरा, दीपका कुसमुण्डा, कोरबा क्षेत्र के भूविस्थापितों ने खोला मोर्चा

# रोजगार सहित अन्य मांगों को लेकर भूविस्थापितों ने गेवरा खदान में की कामबंद हड़ताल



खदान में धरना प्रदर्शन करते भूविस्थापित।



सुरक्षा में तैनात जवान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल के कुसमुंडा, गेवरा, दीपका, कोरबा क्षेत्र के प्रभावित गांव के भूविस्थापितों ने छत्तीसगढ़ किसान सभा और भूविस्थापित रोजगार एकता संघ के नेतृत्व में छोटे खातेदारों को रोजगार,अर्जन के बाद जन्म एवं लंबित रोजगार की प्रकरणों का निराकरण कर सभी खातेदारों को रोजगार देने, आउट सोर्सिंग कार्यों में प्रभावित गांव के बेरोजगारों को शत प्रतिशत रोजगार देने की मांग को लेकर गेवरा खदान के अंदर कोल उत्पादन बंद कर धरना प्रदर्शन किया। खदान बंदी आंदोलन को लेकर पहले से ही बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। आंदोलन से पीछे नहीं हटने पर एसईसीएल प्रबंधन ने बिलासपुर मुख्यालय में बैठक आयोजित कर समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया उसके बाद आंदोलन समाप्त हुआ।

**ख़ास बात**

- एसईसीएल बिलासपुर मुख्यालय में बैठक कर समस्या के समाधान का मिला आश्वासन

उल्लेखनीय है कि किसान सभा ने कहा कि मांगो पर आगे सकारात्मक पहल नहीं हुआ तो 24 अप्रैल को कुसमुंडा क्षेत्र में प्रदर्शन और खदान बंद किया जायेगा। किसान सभा ने आगे के आंदोलन के लिए नोटिस पहले ही अधिकारियों को थमा दिया है। किसान सभा के प्रदेश संयुक्त सचिव प्रशांत झा ने कहा कि सभी भूविस्थापित किसानों जिनकी जमीन एसईसीएल ने अधिग्रहण किया है उन सभी खाते पर भूविस्थापितों को स्थाई रोजगार एसईसीएल को देना होगा। कोयला खदानों में जमीन अधिग्रहण से छोटे खातेदार ज्यादा प्रभावित होते हैं उन्हें ना तो बेहतर जीवनयापन के लिए मुआवजा मिलता है और ना ही रोजगार अब एसईसीएल गुमराह करने का प्रयास करना बंद करें और सभी छोटे खातेदारों को भी रोजगार दे नहीं तो आगे खदानों में और उग्र आंदोलन होगा। किसान सभा के जिला सचिव दीपक साहू ने कहा कि पुराने लंबित रोजगार को लेकर एसईसीएल गंभीर नहीं है। किसानों को छोटे बड़े खातेदार के नाम पर बांटा जा रहा है किसानों की एकता में फुट डालने का काम एसईसीएल और आउट सोर्सिंग कंपनियों द्वारा किया जा रहा है छोटे खातेदारों को रोजगार से वंचित किया गया है और आउट सोर्सिंग कार्यों में भी प्रभावितों को प्राथमिकता नहीं देने का आरोप लगाया है।

**जमीन अधिग्रहण के 26 साल बाद भी नहीं मिला रोजगार**

भूविस्थापित रोजगार एकता संघ के दामोदर श्याम, ने कहा कि वर्ष 1978 से लेकर 2004 के मध्य कोयला खनन के लिए जमीन को अधिग्रहित किया गया है लेकिन तब से अब तक विस्थापित ग्रामीणों को न रोजगार दिया गया है न पुनर्वास ऐसे प्रभावितों की संख्या सैकड़ों में है। सभी को रोजगार देना होगा तथा आऊट सोर्सिंग कंपनियों में स्थानीय बेरोजगारों को नए नियम बनाकर रोजगार से वंचित किया जा रहा है। वहीं बिना नियमों के बाहर से भर्ती किया जा रहा है जिसका आगे और विरोध किया जायेगा। आंदोलन में प्रमुख रूप से प्रभावित क्षेत्र के विस्थापित उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने ग्रामीणों के बीच की बैठक, सुनी समस्याएँ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने प्रस्तावित अम्बिका परियोजना माइंस से प्रभावित पाली विकासखंड के ग्राम करतला पहुँचे। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएँ सुनते हुए आश्वस्त किया कि खदान से प्रभावित बसाहट में सभी आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी। कुछ ग्रामीणों ने नए बने घरों के मुआवजे की मांग की, जिस पर कलेक्टर ने बताया कि वर्ष 2023 में किया गया ड्रोन सर्वे उपलब्ध है और परियोजना अधिसूचित होने के बाद नए निर्माणों पर मुआवजा प्रदान करना संभव नहीं होता। उन्होंने कहा कि नियमों के अनुरूप जो भी पात्र होगा, उसे लाभ जरूर मिलेगा। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों को किसी भी दलाल या बिचौलिये के प्रभाव में न आने की सलाह दी।

ग्राम सरपंच ज्योतिष कुमार कुसरो ने गाँव की अनेक समस्याएँ कलेक्टर के समक्ष रखीं, जिनमें एसईसीएल द्वारा पूर्व में लिए गए निर्णयों पर अमल न होना, श्रम नियमों के अनुरूप मजदूरी का भुगतान नहीं होना, किसानों को मुआवजा न मिलना तथा खदान प्रभावित क्षेत्र के बाहर नामांतरण पर रोक जैसे मुद्दे शामिल थे। उन्होंने तहसीलदार, एसईसीएल और श्रम विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित कर समस्याओं के त्वरित निराकरण की बात कही। कलेक्टर ने प्रभावित क्षेत्र के बाहर की भूमि में नामांतरण पर लगी रोक हटाने के भी निर्देश दिए। इसी दौरान एक वृद्धा ने गाँव के एक व्यक्ति द्वारा खेत में जाने से रोकने की शिकायत की। कलेक्टर ने राजस्व टीम को तत्काल मौके पर जाकर विवाद का निराकरण करने का निर्देश दिया। उन्होंने राशन दुकान में चावल वितरण की स्थिति की भी जानकारी ली।

**प्रोसेस क्र. 64/2026 प्रकरण क्रमांक 26/2025**

पेशी तारीख -25.04.2026

**आम ईश्तहार/नोटिस**

**न्यायालय श्रीमान (डॉली ध्रुव) द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

प्रभात कुमार जायसवाल ......आवेदक/वादी

**बनाम**

दक्षिण पूर्व कोयला प्रक्षेत्र वगैरह

.......अनावेदक/प्रतिवादी

उपरोक्त आवदेक/ वादी प्रभात कुमार जायसवाल ने अनावेदक/ प्रतिवादी दक्षिण पूर्व कोयला प्रक्षेत्र के विरूद्ध भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 372 के तहत न्यायालय न्यायालय श्रीमान द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा जिला कोरबा (छ.ग.) आवेदन प्रस्तुत किया गया है और उक्त आवेदन पत्र की सुनवाई हेतु दिनांक 25.04.2026 तिथि नियत है। अतः अनावेदक/ प्रतिवादी आम जनता (जिसका इससे कोई संबंध हो) को उक्त प्रकरण के संबंध में कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 25.04.2026 को दिन 11:00 बजे उपस्थित होकर अपना जवाबदावा इस न्यायालय में पेश करें, अन्यथा प्रकरण की सुनवाई आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए की जाएगी। नोटः- अगर उक्त पेशी दिनांक को न्यायालय का अवकाश हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी दिवस में की जावेगी। आज दिनांक 25.03.2026 को न्यायालय के मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**(डॉली ध्रुव)**
**द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

## पृष्ठ 1 का शेष

### विवाहिता की जंगल...

40 वर्षपिता संतकुंवर को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने जय कुंवर की हत्या करना कबूल कर लिया। बताया जाता है कि सुखदेव और जयकुंवर का प्रेम प्रसंग लंबे समय से चला रहा था। बताया जाता है कि जब जयकुंवर को सुखदेव कंवर अपने मोटरसाइकिल में बैठाकर वापस कुमारीसानी आ रहे थे इस दौरान बालमपुर के जंगल में संबंध बनाने को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई थी और शराब के नशे में धुत्त सुखदेव कंवर ने अपनी प्रेमिका जयकुंमार की गलत दबाकर हत्या कर दी थी और लाश को ठिकाने लगाकर अपने घर वापस आ गया था। पुलिस ने मामले में अंधे कत्ल की गुत्थी को सुलझाते हुए आरोपी सुखदेव कंवर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

## राजस्व पखवाड़ा शिविर में अचानक पहुँचे कलेक्टर, किसान किताब का किया वितरण

**कोरबा।** कलेक्टर ने पाली विकासखंड के अंतर्गत ग्राम सराईपाली में आयोजित राजस्व पखवाड़ा शिविर में पहुँचे। शिविर में अपनी समस्याएँ लेकर पहुँचे ग्रामीणों से उन्होंने सीधा संवाद किया और शिविर आयोजन के उद्देश्य की जानकारी देते हुए कहा कि राजस्व से संबंधित कोई भी समस्या हो, तो अवश्य आवेदन दें। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बताया कि राजस्व पखवाड़ा शिविर में पटवारी और सचिव अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। ग्रामीणों से चर्चा करते हुए उन्होंने गाँव की अन्य समस्याओं की जानकारी भी ली। राशन दुकान में चावल वितरण की स्थिति जानने पर कलेक्टर ने बताया कि खाद्यान्न का भंडारण पूरा कर लिया गया है, और शेष माह का चावल भी जल्द वितरित कर दिया जाएगा। उन्होंने खाद्य विभाग को समय पर चावल वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## ग्रामीण क्षेत्रों में भी हो रही गैस सिलेंडर की काला बाजारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

खाद्य विभाग की टीम ने जिले में दो अलग-अलग स्थानों पर आकस्मिक जांच के दौरान बड़ी अनियमितताएँ पकड़ी है। ग्राम पंचायत फरसवानी स्थित सोनी टेंट हाउस की जांच में 8 घरेलू एलपीजी सिलेंडर एवं 1 वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर अनधिकृत रूप से संग्रहित पाए गए। नियमानुसार कार्यवाही करते हुए कुल 9 सिलेंडरों की जप्ती की गई तथा उन्हें उमरेली इंडेन गैस वितरक की अभिरक्षा में सुरक्षित सुपुर्द किया गया। इसी प्रकार, ग्राम पंचायत बीरतराई (विकासखंड करतला) में संजय कुमार साहू के निवास पर की गई आकस्मिक जांच में 11 घरेलू गैस सिलेंडर अवैध रूप से संग्रहित पाए गए। घरेलू गैस सिलेंडरों के वैध संधारण से संबंधित कोई संतोषजनक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर खाद्य विभाग ने सभी 11 सिलेंडरों को जप्त कर समीपस्थ गैस वितरक एचपी उरगा की अभिरक्षा में सुपुर्द किया। खाद्य विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि घरेलू गैस सिलेंडरों का अनधिकृत भंडारण एक दंडनीय अपराध है तथा ऐसी अनियमितताओं पर आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## 12वीं के हिन्दी प्रश्नपत्र की पुनः हुई परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा मार्च महीने में ली गई हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल के बोर्ड परीक्षा के दौरान 12वीं के हिन्दी प्रश्नपत्र के लिक हो जाने के बाद 10 अप्रैल को पुनः परीक्षा आयोजित करने के निर्देश दिए गए थे। उसके परिपालन में शुक्रवार को जिले के सभी 98 केंद्रों में परीक्षा आयोजित की गई जिसमें पंजीकृति 9 हजार 99 परीक्षार्थी उपस्थित रहे।

हायर सेकेंडरी स्कूल की हिन्दी विषय की दोबारा परीक्षा शुक्रवार को आयोजित की गई। जिसके लिए कुल 9 हजार 217 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें 9 हजार 99 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 118 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के सुचारु रुप से संचालन के लिए जिला एवं ब्लॉक स्तर पर गठित उड़नदस्ता टीम के द्वारा सभी 98 केंद्रों का निरीक्षण किया गया। प्रश्नपत्र के सुरक्षा को लेकर कड़ी सतर्कता बरती गई। सभी थाना चौकी से प्रश्नपत्र को परीक्षा शुरु होने के एक घंटा पूर्व केंद्र में लाया गया था। सुरक्षा गार्ड के साथ प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद थे। उड़नदस्ता टीम के द्वारा बोतली, बेहरचुंआ, भैसमा, नोनबिर्रा, सेंदरीपाली, उरगा, कोथारी, फरसवानी, कुसमुंडा, दीपका, तिवरता, नुनेरा, अजगरबहार, माचाडोली जैसे दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों के परीक्षा केंद्रों के साथ शहरी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया।













## वार्डों में 597 काम, शहर को 800 करोड़ से ज्यादा की सौगात

# दो साल में ही अपने काम से लोहा मनवाया मंत्री लखनलाल देवांगन ने

### सड़को का बिछ रहा जाल, संवर रहे आंगनबाड़ी से लेकर स्कूल, स्वास्थ्य सुविधाओं को मिला बूस्टर

**कोरबा**। कोरबा के विधायक और छत्तीसगढ़ शासन के केबिनेट मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने सिर्फ दो वर्षों में ही अपने काम का लोहा मनवाया है। रिकार्ड तोड़ पहली बार कोरबा नगर निगम क्षेत्र के 67 वार्डों में मूलभूत से जुड़ी 597 विकास कार्यों की धुंआधार नींव रखी। शहर की बड़ी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए 800 करोड़ से ज्यादा की सौगात दिलाई है। समाजों के मांग अनुरूप विकास कार्य कराकर आज सबके चहेते बन गए हैं। पूरा फोकस सड़को, पुल - पुलिया के जाल बिछाने आंगनबाड़ी से लेकर स्कूल एवं स्वास्थ्य सुविधाओं को संवारने में जुटे हुए हैं।

### अब जाकर शहर के विकास को नई और सही दिशा मिली

### हर समाज के लखन बने चहेते



**सशक्त प्रयास सशक्त नेतृत्व**
का दूसरा नाम लखनलाल देवांगन

### शहर के विकास के लिए दुर्गामी सोच रखते हुए इन विकास कार्यों को केबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन ने दिलाई स्वीकृति

- कोरबा की जीवनदायिनी हसदेव नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने अमृत मिशन 2.0 योजना के तहत दूषित जल के वैज्ञानिक उपचार की स्वीकृति 165 **करोड़ रु.**
- **30.97 करोड़ रु.** संजय नगर रेल्वे क्रॉसिंग पर अंडर ब्रिज निर्माण की स्वीकृति
- सुनालिया पूल का चौड़ीकरण की स्वीकृति - **9.20 करोड़ रु.**
- रानी रोड़ कोरबा से सर्वमंगला मंदिर के बीच हसदेव नदी पर रपटा निर्माण की स्वीकृति - **13.44 करोड़ रु.**
- सी.एस.ई.बी. चौक से कोसाबाड़ी चौक तक गौरव पथ का निर्माण की स्वीकृति - **36.54 करोड़ रु.**
- बरमपुर नहर मार्ग से लेकर दर्री बैराज तक बायपास सड़क एवं हाई लेवल पूल निर्माण की स्वीकृति - **83 करोड़ रु.**
- दर्री बैराज से बजरंग चौक परसाभाठा तक सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति -**29 करोड़ रु.**
- सुनालिया ब्रिज से पावर हाउस रोड अंडर ब्रिज तक सड़क डामरीकरण की स्वीकृति - **112.55 लाख रु.**
- पावर हाउस रोड फाटक से पुराना बस स्टैण्ड रोड तक सड़क डामरीकरण कार्य की स्वीकृति - **156.90 लाख रु.**
- जैन चौक से घंटा घर तक सड़क डामरीकरण कार्य की स्वीकृति - **125 लाख रु.**
- घंटा घर से कोसाबाड़ी चौक तक सड़क डामरीकरण कार्य की स्वीकृति - **199 लाख रु.**
- रविशंकर शुक्ल नगर से दादर कलवर्ट तक सड़क डामरीकरण कार्य की स्वीकृति - **99.88 लाख रु.**
- गोपालपुर वार्ड के सड़क डामरीकरण कार्य की स्वीकृति -**1.40 करोड़ रु.**
- दादर कंकालिन मंदिर से जगन्नाथ मंदिर बस्ती होते हुए मुख्य द्वार तक सड़क डामरीकरण कार्य की स्वीकृति - **1.18 करोड़ रु.**
- वार्ड क्र. 54 अंतर्गत कुमगरी मुख्य चौक से पंडाल होते हुए प्राथमिक शाला कुम्मारी तक सड़क डामरीकरण कार्य की स्वीकृति - **40 लाख रु.**
- वार्ड क्र. 52 अंतर्गत अयोध्यापुरी मुख्य मार्ग बस स्टॉप होते हुए पाईप लाईन तक सड़क डामरीकरण कार्य की स्वीकृति - **32.00 लाख रु.**



- वार्ड क्र. 66 अंतर्गत सुराकछार बस्ती में पिताम्बर तंवर घर के पास से बलगी खदान मार्ग तक सड़क डामरीकरण कार्य की स्वीकृति - **25.00 लाख रु.**
- वार्ड क्र. 40 अंतर्गत पाडीमार क्र. 01 राकेश ठाकुर घर से बरगद चौक होते हुए इंदिरा मार्केट मुख्य मार्ग तक सड़क डामरीकरण कार्य की स्वीकृति -**25.00 लाख रु.**
- वार्ड क्र. 08 मोतीसागर पारा सीतामणी पवन टेंट के पास से गोकुल गंज तक सड़क डामरीकरण कार्य की स्वीकृति - **20.00 लाख रु.**
- वार्ड क्र. 18 पीपरपारा मेन रोड से रामकुमारी घर तक एवं भवानी मंदिर से बाबूलाल के घर तक सड़क डामरीकरण कार्य स्वीकृति - **90.00 लाख रु.**
- शहर के प्रमुख चौक चौराहों पर धूप व बारिश से बचने के लिए शेड निर्माण की स्वीकृति
- सुनालिया चौक से नहर मार्ग पर राताखार जोड़ा पूल तक नवीन 02 लेन सड़क एवं नवीन पूल निर्माण कार्य की स्वीकृति - **22 करोड़ रु.**
- तानसेन आई.टी.आई. चौक से बालको चौक मार्ग तक जनजातिय गौरव पथ निर्माण की स्वीकृति
- पोड़ी बाहार चर्च से हनुमान मंदिर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य - **196.22 लाख रु.**
- एस.पी. ऑफिस से रजगामार तक बी.टी. रोड निर्माण कार्य पूर्ण - **199.63 लाख रु.**
- वार्ड क्र. 30 दादर रोड कलवर्ट से मानिकपुर मुक्तिधाम तक कलवर्ट एवं नाला निर्माण कार्य - **184.15 लाख रु.**
- मेनन शॉप से रेलवे घाट तक 100 बेड हॉस्पिटल के सामने आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य - **193.92 लाख रु.**
- दर्री जोन पी.एम.वाय साईट से लाटा तालाब तक आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य - **199.96 लाख रु.**
- कोरबा में एल्यूमिनीयम पार्क की स्वीकृति - **05 करोड़ रु.**
- पोड़ीबहार में ऑक्सिजन पार्क की सौगात
- गोपालपुर से कटघोरा तक सड़क डामरीकरण कार्य पूर्णतः की ओर
- 8 से अधिक वार्डों में पेयजल आपूर्ति हेतु 36 करोड़ की स्वीकृति
- सर्वमंगला मंदिर हसदेव नदी में छठ घाट का निर्माण

### इसके अतिरिक्त अन्य विभिन्न मदों से महत्वपूर्ण विकास कार्यों की मिली है स्वीकृति

## स्कूल एवं आंगनबाड़ी भवनों को संवारने में भी आगे

- 23 शासकीय स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष / नवीन भवन निर्माण कार्य की स्वीकृति - 443 लाख रु.
- 09 शासकीय स्कूलों में बालक-बालिका शौचालय निर्माण कार्य की स्वीकृति - 501 लाख रु.
- 13 शासकीय स्कूलों में अहाता निर्माण कार्य की स्वीकृति 218 लाख रु.
- 08 शासकीय स्कूलों में किचनशेड निर्माण कार्य की स्वीकृति - 345 लाख रु.
- 09 आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य की स्वीकृति - 1156 लाख रु.



## मेडिकल कॉलेज अस्पताल को सर्वसुविधायुक्त बनाने में जुटे मंत्री देवांगन



- मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 200 बेड के नए भवन हेतु 43.70 करोड़ की स्वीकृति
- विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच हेतु 4.50 करोड़ की विभिन्न मशीनों का प्रदाय
- 50 बिस्तर का क्रिटिकल केयर यूनिट 16.5 करोड़ का भवन निर्माण अधीन
- 100 बेड का नवीन वार्ड लागत 3 करोड़ निर्माणाधीन
- 83 नग नई एसी की स्वीकृति
- 40 बिस्तर क्षमता का आई वार्ड का निर्माण लागत 1 करोड़ 21 लाख
- सीएसआर से नए आश्रलाय का निर्माण पूर्ण

## सामाजिक निर्माण कार्य





1. सतनाम कल्याण समिति टी.पी.नगर कोरबा में डोम शेड निर्माण कार्य-**64 लाख**
2. आदिवासी शक्तिपीठ में निर्माण कार्य-**50 लाख**
3. श्रीवास समाज के मांग अनुरूप अंजनी कुंज बायपास रोड में शेड निर्माण कार्य-**30 लाख**
4. कन्नौजिया राठौर समाज के मांग अनुरूप दादर मैगजीन नाला के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य-**25 लाख**
5. चंद्रा समाज के मांग अनुरुप पोड़ी बाहर में भवन के पास शेड निर्माण कार्य - **25 लाख**
5. तैलिक विकास समिति बालको साहू समाज के मांग अनुरूप बालको में सामुदायिक भवन व अन्य विस्तार कार्य-**20 लाख**
6. ब्राम्हण समाज के मांग अनुरूप बुधवारी स्थित परशुराम भवन में उपरीतल का निर्माण व अन्य विस्तार कार्य-**25 लाख**
7. बंगाली समाज के मांग अनुरूप मिनीमाता कॉलेज के पीछे भवन निर्माण कार्य-**20 लाख**
8. देवांगन समाज के मांग अनुरूप अपना घर के पास भवन निर्माण कार्य-**30 लाख**
9. क्षत्रिय राठौर समाज के मांग अनुरूप ढोढ़ीपारा के सामने भवन निर्माण कार्य-**20 लाख**
10. कशोन्धन गुप्ता वैश्य समाज के मांग अनुरुप डी.डी.एम रोड साईं मंदिर के पास भवन निर्माण कार्य-**25 लाख**
11. अमरैय्यापरा कोरबा राधा कृष्ण मंदिर स्थित भवन में ऊपरी तल निर्माण कार्य-**10 लाख**
12. डोमार समाज के मांग अनुरूप अयोध्यापुरी सिपेट के पास भवन निर्माण कार्य-**15 लाख**
13. सहिस समाज के मांग अनुरूप मोतीसगर पारा सीतामणी के पास भवन निर्माण कार्य-**10 लाख**
14. आदिवासी सरना उरांव समाज के मांग अनुरूप झगरहा डीहीपारा में किचनशेड व अतिरिक कक्ष निर्माण कार्य-**15 लाख**
15. अग्रवाल समाज के मांग अनुरूप अग्र भवन साडा कॉलोनी दर्री में भवन के उपरी तल का निर्माण कार्य-**25 लाख**
16. मथुरा माली पटेल समाज के मांग अनुरुप कोरबा एसईसीएल हेलिपैड के पास भवन निर्माण कार्य-**10 लाख**
17. गंग माली पटेल समाज के मांग अनुरूप सुमेधा नागिनभांठा में भवन निर्माण कार्य-**10 लाख**
18. चौहान समाज के मांग अनुरूप कोरबा एसईसीएल हेलीपेड के पास अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य-**10 लाख**
19. रोहिदास समाज भवन बुधवारी बायपास में पेवर ब्लॉक व अन्य निर्मण कार्य-**5 लाख**
20. सूर्यवंशी समाज के मांग अनुरूप बुधवारी बायपास में भवन निर्माण कार्य-**30 लाख**
21. पूर्वांचल समाज के मांग अनुरूप बुधवारी बायपास में भवन निर्माण कार्य-**25 लाख**
22. पूर्वांचल समाज के मांग अनुरूप भवानी मंदिर के पास भवन का बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य-**25 लाख**
23. महंत समाज के मांग अनुरूप चोरभट्ठी में भवन निर्माण कार्य-**10 लाख**
24. तंवर आदिवासी समाज के मांग अनुरूप लाटा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य-**20 लाख**



25. धीवर समाज के मांग अनुरूप स्याहीमूड़ी सिपेट के सामने सामुदायिक भवन निर्माण कार्य-**10 लाख**
26. कबीर समाज के मांग अनुरूप कबीर आश्रम झगरहा रिज्दी मेन रोड के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य-**25 लाख**
27. राजपूत क्षत्रिय समाज के मांग अनुरूप रामजानकी मंदिर के पास सामुदायिक भवन के ऊपरी तल का निर्माण कार्य-**20 लाख**
28. साहू समाज के मांग अनुरूप एसबीएस कॉलोनी मानिकपुर में भवन के सामने शेड निर्माण कार्य-**10 लाख**
29. महंत समाज के मांग अनुरूप जमनीपाली में भवन के सामने शेड निर्माण कार्य-**5 लाख**
30. यादव समाज के मांग अनुरूप जमनीपाली में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य-**10 लाख**
31. मराठा समाज के मांग अनुरूप साडा कॉलोनी दर्री कबीर भवन के पीछे सामुदायिक भवन निर्माण कार्य-**10 लाख**
32. सर्व ब्राम्हण समाज के मांग अनुरूप साडा कॉलोनी दर्री में भवन में बॉउंड्रीवाल निर्माण कार्य-**10 लाख**
33. केशरवानी(गुप्ता)समाज के मांग अनुरूप दादर बांसबाड़ी के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य-**10 लाख**
34. बरेठ समाज के मांग अनुरूप सीएसईबी कोरबा रसियन हॉस्टल के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य-**10 लाख**
35. सतनामी समाज के मांग अनुरूप श्याम नगर लाटा एडब्लूएस के पास जैतखाम में बॉउंड्रीवाल व भवन निर्माण कार्य-**25 लाख**
36. पटेल समाज के मांग अनुरूप सर्वमंगला नगर दुरपा शाकम्भरी मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य-**10 लाख**
37. यादव समाज के मांग अनुरूप बलगी दशहरा मैदान के पास भवन निर्माण कार्य-**10 लाख**
38. बंगाली समाज के मांग अनुरूप पोड़ी बाहर काली मंदिर के पास किचन शेड,प्रसाधन एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य-**15 लाख**
39. सतनामी समाज के मांग अनुरूप बालको परसाभांठा में मंच का कांक्रीटीकरण-**5 लाख**
40. सतनामी समाज के मांग अनुरूप राताखर भवन में किचनशेड व अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य-**15 लाख**
41. कहरा समाज के मांग अनुरूप राताखर कहरा मोहल्ला में भवन के पास मंच व शौचालय निर्माण कार्य-**10 लाख**
42. सतनामी समाज के मांग अनुरूप एसबीएस कॉलोनी कोरबा में एमडी कॉलोनी के पीछे सामुदायिक भवन व मंच निर्माण कार्य-**15 लाख**
43. किन्नर समाज के मांग अनुरूप मुड़ापार हेलीपेड के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य-**10 लाख**
44. उत्कल(ओड़िया समाज)के मांग अनुरूप श्रीराम मंदिर बालको के पास भवन निर्माण कार्य-**7 लाख**
45. गोरखा समाज के मांग अनुरूप बालको चेकपोस्ट के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य-**10 लाख**
46. सतनामी समाज के मांग अनुरूप बलगी कॉलोनी में जैतखाम के चारों ओर बाउंड्री वाल निर्माण कार्य-**5 लाख**
47. महंत समाज के मांग अनुरूप बरेड़ीमुड़ा में शेड निर्माण व अन्य विस्तार कार्य-**10 लाख**
48. आदर्श सतनामी समाज के मांग अनुरूप बालको बस स्टैंड के पास भवन में आंतरिक विस्तार कार्य-**20 लाख**
49. क्षत्रिय राठौर समाज के मांग अनुरूप डीडीएम रोड कोरबा सामाजिक भवन में आंतरिक विस्तार कार्य-**11.50 लाख**
50. जायसवाल समाज के मांग अनुरूप मिशन रोड स्थित भवन के पास सामुदायिक भवन व अन्य विस्तार कार्य-**25 लाख**
51. केंवट(निषाद) समाज के मांग अनुरूप बुधवारी में सामाजिक भवन का बाउंड्रीवाल,अतिरिक्त कक्ष एवं बोर निर्माण कार्य-**20 लाख**
52. सिक्ख समाज के मांग अनुरूप टीपी नगर गुरुद्वारा में पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य।

फीचर इम्पैक्ट

### ठेले गुमटी व्यवसायियों के लिए स्थायी शेड का निर्माण कर नि:शुल्क कर रहे आवंटन



कोरबा शहर के मुख्य मोर्गों एवं चौक चौराहों पर लगने वाले ठेले गुमटी व्यवसायियों के लिए पहली बार किसी ने उनका दर्द समझा मंत्री लखन लाल देवांगन के प्रयासों से कोसाबाड़ी चौक के आस-पास लगने वाले सब्जी व्यवसायियों को स्थायी शेड का निर्माण कर नि:शुल्क आबंटन किया गया। व्ययवसायियों ने मंत्री का फलों एवं सब्जियों से स्वागत किया। इसी तरह अब बुधवारी में शेड दुकान बनकर तैयार है साथ ही सुनालिया नहर मार्ग सहित शहर एवं उपनगरीय क्षेत्रों में इसी तरह सुविधा व्यवसायियों को देने का प्रयास मंत्री श्री देवांगन द्वारा किया जा रहा है।

## शहर के हर वार्ड में विकास कार्यों की रखी आधारशीला



| वार्ड क्र. | वार्ड का नाम | कुल स्वीकृत कार्य संख्या | कुल स्वीकृत राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | रामसागर पारा | 13 | 92.09 |
| 2 | पटेल पारा | 3 | 25.00 |
| 3 | साकेत नगर | 12 | 314.21 |
| 4 | राताखार | 14 | 167.53 |
| 5 | देवांगन पारा | 12 | 132.85 |
| 6 | पुरानी बस्ती | 7 | 54.86 |
| 7 | धनुहार पारा | 3 | 23.98 |
| 8 | मोतीसागर पारा | 7 | 123.28 |
| 9 | ईमलीडुग्गु | 8 | 147.89 |
| 10 | भिलाईखुर्द | 14 | 324.79 |
| 11 | सीतामणी | 3 | 22.00 |
| 12 | नई बस्ती | 2 | 8.77 |
| 13 | शारदा विहार | 7 | 46.80 |
| 14 | अमरैय्यापारा | 13 | 206.43 |
| 15 | परिवहन नगर | 9 | 99.57 |
| 16 | पम्प हाउस | 9 | 79.19 |
| 17 | छ.ग.रा.वि.म. क्र. 01 | 10 | 101.65 |
| 18 | कोहड़िया | 14 | 377.31 |
| 19 | पथरीपारा | 11 | 146.99 |
| 20 | छ.ग.रा.वि.म. क्र. 02 | 5 | 42.68 |
| 21 | छ.ग.रा.वि.म. क्र. 03 | 3 | 20.00 |
| 22 | कांशीनगर | 7 | 58.88 |
| 23 | बुधवारी क्र. 01 | 6 | 77.72 |
| 24 | बुधवारी क्र. 02 | 13 | 113.43 |
| 25 | शिवाजी नगर | 5 | 94.92 |
| 26 | पं. रविशंकर शुक्ल नगर | 7 | 69.10 |
| 27 | महाराणा प्रताप नगर | 7 | 65.74 |
| 28 | एस.ई.सी.एल. कॉलोनी क्र. 01 | 12 | 260.36 |
| 29 | मुड़ापार | 10 | 87.82 |
| 30 | एस.ई.सी.एल. कॉलोनी क्र. 02 | 8 | 235.25 |
| 31 | डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नगर | 9 | 376.61 |
| 32 | पोड़ीबहार | 11 | 288.39 |
| 33 | मानिकपुर | 12 | 132.88 |
| 34 | दादरखुर्द | 14 | 236.42 |
| 35 | खरमोरा | 18 | 267.58 |
| 36 | कोसाबाड़ी | 27 | 1079.57 |
| 37 | रामपुर | 10 | 91.81 |
| 38 | लालघाट | 10 | 97.49 |
| 39 | रिस्दा | 7 | 378.65 |
| 40 | पाड़ीमार क्र. 01 | 10 | 115.67 |
| 41 | पाड़ीमार क्र. 02 | 7 | 72.56 |
| 42 | बालको नगर | 4 | 18.89 |
| 43 | कैलाश नगर | 2 | 25.00 |
| 44 | नेहरू नगर | 5 | 33.00 |
| 45 | परसाभाठा | 3 | 25.00 |
| 46 | बेलगिरी बस्ती | 4 | 50.00 |
| 47 | रूमगरा | 12 | 136.34 |
| 48 | हसदेव क्र. 01 | 7 | 71.00 |
| 49 | हसदेव क्र. 02 | 4 | 36.00 |
| 50 | हसदेव क्र. 03 | 2 | 18.00 |
| 51 | स्याहीमुड़ी | 13 | 160.72 |
| 52 | अयोध्यापुरी | 12 | 193.50 |
| 53 | चोरभट्टी | 7 | 38.00 |
| 54 | जमनीपाली | 26 | 479.57 |
| 55 | सुमेधा | 13 | 137.21 |
| 56 | शक्तिनगर क्र. 01 | 10 | 291.41 |
| 57 | शक्तिनगर क्र. 02 | 1 | 5.00 |
| 58 | सरदार वल्लभ भाई पटेल नगर | 8 | 115.89 |
| 59 | दर्रीखार क्र. 01 | 12 | 172.99 |
| 60 | दर्रीखार क्र. 02 | 10 | 95.95 |
| 61 | वैशालीनगर-बरमपुर | 10 | 127.00 |
| 62 | सर्वमंगला नगर | 11 | 209.46 |
| 63 | विकास नगर | 1 | 5.00 |
| 64 | ईमलीछापर | 7 | 134.33 |
| 65 | भैरोताल | 8 | 76.87 |
| 66 | डगनियाखार | 9 | 92.91 |
| 67 | बल्गीखार | 7 | 90.30 |
| | कुल | 597 | 8,806.27 |

## नियमित जनदर्शन संवाद से समाधान



मंत्री श्री देवांगन के निवास चारपारा कोहड़िया कोरबा में नियमित जनदर्शन के तहत लगातार लोगों से भेंट मुलाकात कर उनकी समस्या एवं परेशानियों का समाधान कर रहें।